फर्द अहकाम

कार्यालय सहायक कलक्टर(SDO) मावली, उदयपुर

प्रार्थी : श्री श्यामदुबे **विपक्षी : नाहरसिंह**

किस्म मुकदमा – 251 रा.का. अधिनियम **पत्रावली संख्या : 13/2020**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक : 11.03.2020 पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी स्वयं उपस्थित। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। प्रकरण में इस न्यायालय से प्रकरण को दिनांक 03.01.2019 को इस न्यायालय से स्वीकार किया गया, जिसकी अपील विपक्षी सं. 1 द्वारा माननीय राजस्व अपील अधिकारी उदयपुर के यहां की गई, जिसमें माननीय अपीलीय न्यायालय द्वारा अपने निर्णय दिनांक 25.11.2019 से प्रकरण में इस न्यायालय का निर्णय दिनांक 03.01.2019 को अपास्त किया जाकर राजीनामें के आधार पर प्रकरण को निस्तारित करने के लिए प्रतिप्रेषित किया गया। प्रकरण में प्रार्थी व विपक्षी द्वारा प्रार्थना पत्र दिनांक 04.03.2020 को पेश कर प्रकरण में आपसी राजीनामा हो जाने से अब प्रकरण में कोई कार्यवाही नहीं चाहते हैं तथा प्रार्थी द्वारा न्यायालय में जमा ड्राफ्ट संख्या 501142 दिनांक 12.02.2019 राशि 3,03,646/– रूपयें नाहरसिंह के पक्ष में एवं ड्राफ्ट संख्या 501143 दिनांक 12.02.2019 राशि 2,27,734/– रूपये सज्जन कुंवर के पक्ष में प्रस्तुत किये थे उन्हे वापस दिलाये जाने की प्रार्थना की गई हैं। पत्रावली में प्रार्थी कोई कार्यवाही नहीं चाहता हैं। विपक्षी मय अधिवक्ता द्वारा भी प्रकरण में कार्यवाही ड्रॉप किया जाने पर कोई आपत्ति जाहिर नहीं की। अतः प्रकरण में प्रार्थी कोई कार्यवाही नहीं चाहने से आपसी राजीनामे के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र इसी स्तर पर ड्रोप किया जाता है। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत ड्राफ्ट को प्रार्थी को सिपूर्द करने के लिए तहसीलदार मावली को पत्र जारी हो। पत्रावली फैसल सुमार होकर नम्बर से कम हो। निर्णय सुनाया गया। **(रमेश सीरवी पुनाडिया)** **सहायक कलक्टर** **(SDO)मावली**	

Signature Not Verified
Digitally signed by Ramesh Sirvi Punadia
Date: 2020.04.22 12:12:26 IST
Reason: SelfAttested